संघ प्रदेश दमण दमण एवं दीव प्रशासन / U.T. Administration of Daman & Diu

राजभाषा विभाग, सचिवालय / Rajbhasha Vibhag, Sachivalaya,

दमण / Daman

संघ प्रदेश संख्या-11(20)/ पत्रिका प्रका./दमण/2000-15/194 दिनांक : 05/01/2015

प रि प त्र

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन के राजभाषा विभाग, दमण द्‌वारा वार्षिक विभागीय हिन्दी पत्रिका **"राजभाषा दमणगंगा"** का 14वाँ अंक प्रकाशित किया जा रहा है । प्रशासन के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, महाविद्‌यालयों, विद्‌यालयों के अध्यापकों, प्राचार्यों, विद्‌यार्थियों से हिन्दी में अपनी मौलिक रचनाएं पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए आमंत्रित की जाती हैं । इसके अलावा सभी विभाग/कार्यालय/केन्द्रीय सरकारी कार्यालय व राष्ट्रीयकृत बैंक अपने कार्यालय की गतिविधियों से संबन्धित लेख प्रकाशित करा सकते हैं ।

पत्रिका को आकर्षक रूप देने के लिए रचनाकारों से स्वरचित निबंध, कहानी, कविता, यात्रावृतांत, संस्मरण आदि आमंत्रित किये जाते हैं । पत्रिका में राजनीतिक, अश्लील, कटु व्यंग्य, अनुचित वैयक्तिकरण तथा असंगत लेख आदि प्रकाशित नहीं किया जाएगा । पत्रिका में प्रकाशन हेतु चयन समिति द्‌वारा लेखों का चयन किया जाएगा । रचनाकारों को यह घोषणापत्र देना होगा कि दिये गये लेख उनकी अपनी रचना है एवं किसी स्रोत से इसकी नकल नहीं की गई है । संकलित रचना के मामले में संकलन के स्रोत बारे में अवश्य उल्लेख करना होगा । कृपया रचनाकार अपने लेख में भाषा संबन्धी शुद्धता का स्वयं ध्यान दें ।

इसलिए सभी संबंधितों से अनुरोध है कि कृपया पासपोर्ट साइज के फोटो सहित अपना नाम, पदनाम, टेलीफोन/मोबाइल नंबर सहित अपनी स्व-रचित रचनाओं/विभागीय विकासमूलक लेख आदि राजभाषा विभाग, दमण में दिनांक 12 जनवरी, 2015 तक अवश्य भेजें ।

5/1/2015

(अंतर्यामी परिड़ा)
सहायक निदेशक (राजभाषा)